आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 17.03.2025

मुख्य समाचारः–

1– विधानसभा में आज गूंजा धर्मांतरण का मुद्दा–गृहमंत्री ने कहा कि जल्द बनेगा कठोर कानून।
2– बीजापुर जिले में आज उन्नीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण–इन पर कुल उनतीस लाख रूपए का इनाम घोषित था।
3– रायगढ़ जिले के कोतरा रोड विद्युत सब स्टेशन में लगी भीषण आग–कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।
4– बस्तर संभाग में बस्तर पंडुम के तहत आज से विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम शुरू हुए।

विस–धर्मांतरण

विधानसभा में आज भाजपा विधायक अजय चंद्राकार ने प्रदेश में कराए जा रहे धर्मांतरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने ध्यानाकर्षण के जरिए यह मामला उठाया। श्री चंद्राकर ने गैर सरकारी संगठनों द्वारा करवाए जा रहे धर्मांतरण में विदेशी फंडिंग का आरोप लगाया। जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि विदेशी फंडिंग की जांच और कार्यवाही का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। छत्तीसगढ़ में तीन सौ चौंसठ संस्थाएं थी. जांच के बाद चौरासी संस्थाओं की फंडिंग रोकी गई और एक सौ सत्ताईस संस्थाओं की वैधता समाप्त की गई है।

अजय चंद्राकर ने पूछा कि नए कानून बनाने के लिए सरकार कोई प्रावधान करने जा रही है या नहीं। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक लागू है। जल्द ही इसमें नए प्रावधान शामिल किए जाएंगे।

विस–भारतमाला परियोजना

विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी की जांच ईओडब्ल्यू से जांच कराए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि अगर जांच की बात सदन में ही कि जाती तो ज्यादा अच्छा रहता। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि अगर सदन में कोई मामला चल रहा था तो कोई निर्णय लेने से पहले सदन को सूचना देनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को इस मामले में सदन में वक्तव्य देने के निर्देश दिए।

बाद में मंत्री टंकराम वर्मा ने विधानसभा में वक्तव्य दिया। इस पर विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने मांग की, कि क्योंकि यह परियोजना केन्द्र सरकार की है। इसलिए इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू की बजाय सीबीआई से कराना चाहिए। इसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

विस–विधेयक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चौबीस मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रही हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में वे शामिल होंगीं। राष्ट्रपति का कार्यक्रम सभा भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए सभा भवन के उपयोग की अनुमति के प्रस्ताव को आज विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया किया।

वहीं, आज सदन में छत्तीसगढ़ लोक परिसर–बेदखली संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ विधानसभा वेतन, भत्ता और पेंशन संशोधन विधेयक तथा भारतीय स्टाम्प संशोधन विधेयक पेश किए गए।

इसके अलावा आज विधानसभा में कृषि और अनुसूचित जाति–जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभाग मंत्री रामविचार नेताम के विभागों की अनुदान मांगों को चर्चा के बाद पारित कर दिया गया।

राज्यपाल–बैठक

राज्यपाल रमेन डेका ने कोरबा जिले के प्रवास के दौरान अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, आदिवासियों के जीवन में उत्थान की दिशा में कार्य करने, पर्यावरण को संरक्षित रखने, बालिकाओं और श्रम से जुड़े बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, मादक पदार्थों के तस्करी और नशे के रोकथाम के लिए निर्देश दिए।

इस दौरान राज्यपाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कलेक्टोरेट परिसर में बादाम का पौधा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने सभी को अपने आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल आज शाम जांजगीर पहुंचे। कल वे कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक लेंगे।

माओवादी–आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज उन्नीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इन सभी माओवादियों पर कुल उनतीस लाख रुपये का इनाम घोषित था।

इन सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

वहीं, कोंडागांव जिले में आज एक लाख रूपए के इनामी माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादी बस्तर डिविजन अन्तर्गत बेड़मा और बारसूर में मिलिशिया सदस्य तथा एलओएस सदस्य के रूप में सक्रिय था। इस माओवादी पर कोण्डागांव, नारायणपुर, बस्तर और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादी को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है।

उधर, दंतेवाड़ा जिले के मालेवाही क्षेत्र में तलाशी अभियान पर निकले सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के जवानों ने पांच किलो का आईईडी बरामद किया, जिसे मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया।

सब स्टेशन–आगजनी

रायगढ़ जिले के कोतरा रोड स्थित विद्युत सब स्टेशन में आज भीषण आग लग गई। सब स्टेशन में रखे सैकड़ों ट्रांसफार्मर और अन्य विद्युत उपकरण आग की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ घंटों की मशक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान विद्युत सब स्टेशन के पास स्थित घरों को भी सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवा लिया गया था। इस आगजनी में लाखों का नुकसान होने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार यह आग संभवतः शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

जवान–मौत

रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र के मुड़ीपार स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी के कैंप में तैनात एक जवान ने अपने ही वरिष्ठ अधिकारी, एएसआई देवेंद्र सिंह दहिया को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना देर रात उस समय हुई जब सिपाही और एएसआई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि सिपाही ने अपने सर्विस रिवॉल्वर से एएसआई पर गोली चला दी। गोली लगते ही एएसआई की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी जवान को कैंप में ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

''बस्तर पंडुम''

राज्य सरकार द्वारा बस्तर की विशिष्ट जनजातीय कला और संस्कृति को पुनर्जीवित करने तथा समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज से ''बस्तर पण्डुम'' के तहत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम शुरू हो गया है। कोंडागांव जिले के स्थानीय आडिटोरियम में आज जनजातीय नृत्य, जनजातीय वेशभूषा और आभूषण का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार कल अट्ठारह मार्च को जनजातीय गीत–संगीत और वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, उन्नीस मार्च को जनजातीय नाट्य, शिल्प और चित्रकला तथा जनजातीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जनपद पंचायत माकड़ी के मंडी प्रांगण में भी आज से बस्तर पंडुम के ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

भूजल–प्रशिक्षण

गिरते जलस्तर से हो रहे पेयजल संकट को देखते हुए केंद्र सरकार ने इससे निपटने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। केन्द्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा भूजल संरक्षण और प्रबंधन विषय पर गरियाबंद जिले के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल वॉटर बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर प्रबीर के. नायक ने अधिकारियों को जल संरक्षण के विभिन्न तरीके बताए।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि वर्षा के जल को भूजल के रूप में धरती के भीतर पहुंचाने का कार्य कम खर्चे में कैसे किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग को निजी और शासकीय सभी भवनों में अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए।

कांग्रेस–बैठक

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों और राज्य प्रभारियों की बैठक कल अट्ठारह मार्च को नई दिल्ली में होगी। यह बैठक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय इंदिरा भवन में कल शाम पांच बजे से होगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल होंगे।

इस बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, आगामी चुनावों की रणनीति और पार्टी के भविष्य की दिशा तय करना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>